डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक सं० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/2272 दिनांकः01 नवम्बर, 2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के प्रथम एवं द्वितीय चरण की परीक्षाओं में अनुचित साधन प्रयोग (UFM) के अन्तर्गत आने वाले छात्र/छात्राओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के प्रथम एवं द्वितीय चरण की परीक्षायें जो दिनांक 17 मई, 2025 से दिनांक 13 जून, 2025 (प्रथम चरण) एवं दिनांक 02 जुलाई, 2025 से दिनांक 29 जुलाई, 2025 (द्वितीय चरण) के मध्य सम्पन्न कराई गई है। उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले कतिपय छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा के दौरान अनुचित साधन/नकल सामग्री का प्रयोग करते पाये गये है, जो UFM की श्रेणी/अन्तर्गत है, ऐसे सभी छात्र/छात्रायें अपना स्पष्टीकरण पत्र के माध्यम से **दिनांक 05 नवम्बर, 2025 तक** अधोहस्तारी कार्यालय के ई-मेल **aktuufm@gmail.com** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि सम्बन्धित छात्र/छात्रा के परीक्षा परिणाम जारी हाने के पूर्व सम्बन्धित छात्र के द्वारा प्रस्तुत पक्ष पर यू0एफ0एम0 (UFM) समिति द्वारा अवलोकन करते हुए यथोचित निर्णय लिया जा सकें। यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित उक्त तिथि तक अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्र/छात्रा को कुछ नहीं कहना है।

**उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है सम्बन्धित छात्र द्वारा अपना स्पष्टीकरण देते समय अनुक्रमांक एवं संबंधित विषय कोड अवश्य लिखा जाय तथा ई-मेल केवल एक ही बार किया जाय।**

अतः आप से अनुरोध है कि उपरोक्त विषय से सम्बन्धित छात्र/छात्रा को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

01/11/2025

( प्रो0 राजीव कुमार )
का0 परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव/वित्त अधिकारी ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

( प्रो0 राजीव कुमार )
का0 परीक्षा नियंत्रक